‘बीटिंग द रिट्रीट’ के साथ संपन्न हुआ गणतंत्र दिवस समारोह

चर्चा में क्यों?

29 जनवरी, 2022 को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में ‘बीटिंग द रिट्रीट’ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी के साथ इस साल के गणतंत्र दिवस समारोह का समापन हुआ।

प्रमुख बिंदु

- ‘बीटिंग द रिट्रीट’ कार्यक्रम की शुरुआत राज्यपाल मंगूभाई पटेल को सम्मान प्रकट करने के साथ हुई। इसके बाद मध्य प्रदेश पुलिस के ब्रास बैंड, मास्ड बैंड, पाइप बैंड और आर्मी बैंड ने सामूहिक वादन की मनोहारी प्रस्तुति दी।
- पुलिस ब्रास बैंड द्वारा देशभक्ति, फिल्मी, भारतीय शास्त्रीय संगीत, भारतीय राग और पाश्चात्य क्लासिकल संगीत की मनोहारी धुनें निकाली गईं। इसी कड़ी में हिन्दी फिल्मों के गीतों की सुमधुर संगीतमय प्रस्तुति दी गई। इसके बाद सभी बैंड द्वारा मार्चपास्ट करते हुए बैंडवार सामूहिक प्रस्तुतियाँ दी गईं।
- उल्लेखनीय है कि देश में ‘बीटिंग द रिट्रीट’ कार्यक्रम आयोजित करने वाला मध्य प्रदेश एकमात्र राज्य है, जहाँ प्रतिवर्ष 29 जनवरी को पुलिस द्वारा राजधानी भोपाल में कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। राष्ट्रीय स्तर पर नई दिल्ली में रायसीना हिल्स के विजय चौक पर भारतीय थल सेना, वायु सेना और जल सेना के बैंड दलों द्वारा वादन एवं मार्चपास्ट की आकर्षक सामूहिक प्रस्तुति राष्ट्रपति के समक्ष की जाती है।
- विदित हो कि ‘बीटिंग द रिट्रीट’ का आयोजन अर्ध सैन्य बलों की एक सुदीर्घ प्राचीन परंपरा है, जब युद्ध के बाद सैन्य टुकड़ियाँ वापस अपने कैंपों में आती थीं, तब युद्ध के तनाव को कम करने के लिये मनोरंजक बैंड वादन का कार्यक्रम रखा जाता था। भारत में इस कार्यक्रम के साथ ही गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों का औपचारिक समापन होता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/republic-day-celebrations-conclude-with-beating-the-retreat